Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 27 अंक- 265 रायपुर, शुक्रवार 18 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

घर के अंदर कर रहे थे जप-तप, 4 सदस्यों की बिगड़ी हालत, अंधविश्वास ने ली 2 की जान

बिलासपुर/सक्ती, 18 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में अंधविश्वास के चलते दो युवक की जान चली गई। तांदुलडीह गांव के घर में दोनों युवक बेसुध अवस्था में मिले। जिसके बाद उनको अस्पताल ले जाया गया। जहां पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार तांदुलडीह गांव के एक परिवार के छह सदस्य पूजा पाठ व साधना कर रहे थे। इस दौरान दो सगे भाई विकास गोंड़, विक्की गोंड़ मूर्छित हो गए, वही परिवार के अन्य सदस्य लगातार जय गुरुदेव की जाप करते रहे।

सूचना पर पुलिस पहुंची और दोनों भाईयों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सक्ती ले जाने पर डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया. घर के अन्य सदस्यों को भी इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने दोनों के शव को मर्चुरी में रखवाया है। सक्ती एसडीओपी मनीष कुंजर के अनुसार तांदुलडीह गांव में महिला फिरीत बाई, अपने तीन बेटे विकास गोंड, विक्रम गोंड, विशाल गोंड और दो बेटियों चंद्रिका व अमरीकन बाई के साथ उज्जैन के एक बाबा की फ़ोटो को सामने रखकर छह सात दिनों से भूखे प्यासे रहकर जाप कर रहे थे। इस दौरान घर से बाहर नहीं निकलने और जोर-जोर से चिल्लाने पर मोहल्ले वालों को जानकारी हुई तो उसके चचेरे भाई ने दरवाजा खोलवाया तो महिला फिरीत बाई ने बताया कि घर में पूजा-पाठ कर रहे हैं। घर के अंदर जाने पर देखा कि महिला के दो बेटे विकास गोंड़, विक्रम गोंड़ जमीन में मूर्छित पड़े हुए थे। मोहल्लेवासियों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी तब मौके पर पहुंचकर पुलिस द्वारा दोनों सगे भाईयो को अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इधर, घर में मौजूद महिला फिरीत बाई और उसके बेटे विशाल, दो बेटी अमरीकन बाई, चंद्रिका बाई को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

6-7 दिनों से भूखे-प्यासे रहकर कर रहे थे साधना

तांदुलडीह गांव में हुई घटना

पूरे प्रदेश में स्वच्छ पानी उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी : हाईकोर्ट

बिलासपुर, 18 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। गरियाबंद में फ्लोराइड युक्त पानी के मामले में आज हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। पीएचई (जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी) विभाग ने कोर्ट में एक विस्तृत रिपोर्ट पेश की, जिसमें कहा गया कि साफ पानी उपलब्ध कराने के लिए विभाग पूरी कोशिश कर रहा है। हाई कोर्ट ने बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए इस मामले की निगरानी करने की बात कही। मामले में अगली सुनवाई नवंबर में होगी।

गरियाबंद में फ्लोराइड युक्त पानी का मामला

बता दें कि हाई कोर्ट ने गरियाबंद सहित पूरे प्रदेश में स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। गौरतलब है कि गरियाबंद जिले के अधिकांश गांवों में पानी में फ्लोराइड की अधिक मात्रा होने के कारण बच्चे डेंटल फ्लोरोसिस का शिकार हो रहे हैं। कोर्ट ने इस स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि साफ और सुरक्षित पानी उपलब्ध कराना राज्य शासन की जिम्मेदारी है। गौरतलब है कि हाई कोर्ट ने पीएचई सचिव को शपथ पत्र देकर यह बताने को कहा था कि इसके लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं। मामले की सुनवाई के दौरान यह जानकारी भी सामने आई कि जिले के 40 गांवों में 6 करोड़ की लागत से प्लांट लगाए गए, लेकिन वह कुछ महीनों में ही बंद हो गए। इस पर विभाग की ओर से बताया गया कि 40 फ्लोराइड रिमूवल प्लांट में से 24 सही तरीके से काम कर रहे हैं। बाकी को सुधारा जा रहा है।

ब्रेकिंग न्यूज

सोने के भाव ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। त्यौहारी सीजन में सोने की मांग में जबरदस्त उछाल के कारण सोने की कीमतों में तेज़ी आई है। वायदा बाजार में सोने का भाव गुरुवार को पहली बार 77,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के पार निकल गया है। इस उछाल के बावजूद, कमोडिटी एक्सपर्ट्स का मानना है कि सोने की कीमतें और भी बढ़ सकती हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं, जहां 10 ग्राम सोने का भाव 77,210 रुपए पर पहुंच गया। पिछले एक साल में, सोने की कीमतों में करीब 27 फीसदी की वृद्धि हुई है, जो पिछले 40 वर्षों में सबसे ज्यादा है। इससे पहले, 1987 में इतनी बड़ी तेजी देखी गई थी। कमोडिटी मार्केट के विशेषज्ञ अनुज गुप्ता ने कहा कि सोने के लिए बुलिश आउटलुक है। मौजूदा तेजी को देखते हुए, आगे भी सकारात्मक वृद्धि की उम्मीद है। वायदा बाजार में सोने के लिए अपसाइड टारगेट तय किए गए हैं, जिससे भविष्य में और अधिक उछाल की संभावना है।

नई सरकार बनते ही टारगेट किलिंग, गैर-कश्मीरी युवक को मारी गोली, जांच में जुटी पुलिस

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के जैनापोरा के वडुना इलाके में एक गैर-स्थानीय व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव मिला। शोपियां के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने घटना की आतंकवादी हमला होने की पुष्टि की है। शव को गैर-स्थानीय व्यक्ति का माना जा रहा है, जिसेचिकित्सकीय-कानूनी औपचारिकताओं के लिए अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है और पीड़ित की पहचान करने के लिए काम कर रहे हैं। यह घटना उमर अब्दुल्ला के केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के कुछ ही दिनों बाद हुई है, जो छह साल के राष्ट्रपति शासन के बाद एक निर्वाचित सरकार की वापसी का प्रतीक है।

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, महाराष्ट्र में सीट बंटवारे को लेकर उद्धव और कांग्रेस में ठन गई है।

चुहिया- हां जी, तेल और पानी कभी मिल नहीं सकते।

उद्धव और कांग्रेस में ठनी, बांद्रा पूर्व से शिवसेना (यूबीटी) ने घोषित कर दिया अपना उम्मीदवार

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। जैसे-जैसे महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी (एमवीए) में कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) के बीच तनाव बढ़ रहा है। दोनों पार्टियां बांद्रा (पूर्व) निर्वाचन क्षेत्र को लेकर भिड़ गईं, हालांकि सीट-बंटवारे पर समझौता अभी भी जारी है। उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने वरुण सरदेसाई को बांद्रा (पूर्व) सीट से अपना उम्मीदवार घोषित किया है। आदित्य ठाकरे के चचेरे भाई सरदेसाई पिछले 14 वर्षों से युवा सेना में सक्रिय रूप से शामिल हैं और उन्हें ठाकरे परिवार का करीबी माना जाता है। इस घोषणा से कांग्रेस नेताओं को निराशा हुई है।

शिवसेना उम्मीदवार की घोषणा के बाद कांग्रेस के सदस्यों में खलबली मच गई है। कांग्रेस के जीशान सिद्दीकी ने 2019 के विधानसभा चुनाव में निर्वाचन क्षेत्र जीता और वर्तमान में मौजूदा विधायक के रूप में कार्यरत हैं। कांग्रेस के कई नेता बांद्रा (पूर्व) से चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं लेकिन अब राजनीतिक खींचतान में फंस गए हैं। शिवसेना ने तर्क दिया कि यूबीटी गठबंधन ने चिंचवड़ सीट कांग्रेस को दे दी, इस प्रकार बांद्रा (पूर्व) के लिए उसके उम्मीदवार योग्य हो गए। यह निर्वाचन क्षेत्र अपनी बड़ी मुस्लिम आबादी के लिए जाना जाता है और इसलिए दोनों समूहों के लिए एक महत्वपूर्ण सीट है। शिवसेना के एकतरफा फैसले ने कांग्रेस में असंतोष पैदा कर दिया है, पार्टी के कई नेता इस प्रमुख सीट से चुनाव लड़ना चाहते हैं।

झारखंड- एनडीए में सीटों के बंटवारे पर मुहर; 68 सीटों पर चुनाव लड़ेगी भाजपा

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। झारखंड में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के बीच सीटों का बंटवारा हो गया है। सीट बंटवारे के तहत भाजपा झारखंड की 68 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वहीं आजसू को 10, जदयू को दो और एक सीट लोजपा(आर) को दी गई है। झारखंड भाजपा के सह-प्रभारी और असम सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने यह जानकारी दी। झारखंड भाजपा प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा-जदयू-आजसू और लोजपा (आर) साथ मिलकर झारखंड विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। पार्टियों के बीच सीटों का बंटवारा हो गया है और जल्द ही उम्मीदवारों का भी एलान कर दिया जाएगा।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, झारखंड विधानसभा की जिन 10 सीटों पर आजसू चुनाव लड़ेगी, उनमें सिल्ली, रामगढ़, गोमिया, इचागढ़, मांडू, जुगसलिया, डुमरी, पाकुड़, लोहरदगा, मनोहरपुर शामिल हैं। वहीं जदयू जमशेदपुर पश्चिम और तमाड़ सीट पर चुनाव लड़ेगी। चतरा विधानसभा सीट चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोजपा रामविलास को दी गई है।

लॉरेंस बिश्नोई गैंग से फिर मिली सलमान खान को धमकी

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई बॉलीवुड एक्टर सलमान की जान के पीछे पड़ गया है। वह आए दिन सलमान खान को सीधी धमकी दे रहा है। 58 वर्षीय सलमान को कई वर्षों से जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से धमकियों का सामना करना पड़ा है, जाहिर तौर पर इसका कारण है कि 1998 में राजस्थान में एक फिल्म की शूटिंग के दौरान सलमान ने काले हिरण को गोली मारी थी।

5 करोड़ दो नहीं तो बाबा सिद्दीकी से भी बदतर होगा हाल

इस बीच एक बार फिर से भाईजान को खुली धमकी मिली है। जी हां, सलमान को एक बार फिर लॉरेंस ने धमकी दी है। इस बार ट्रैफिक कंट्रोल को भेजे गए मैसेज में धमकी लिखी मिली। मैसेज करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का करीबी बताया है।

मुंबई ट्रैफिक पुलिस को एक धमकी भरा मैसेज मिला जिसमें लॉरेंस बिश्नोई के साथ लंबे समय से चल रहे विवाद को निपटाने के लिए सलमान खान से 5 करोड़ की मांग की गई। कथित तौर पर बिश्नोई गैंग के मैसेज में चेतावनी दी गई है कि अगर सलमान खान ने पैसे नहीं दिए तो उनका हश्र पूर्व विधायक बाबा सिद्दीकी से भी बदतर होगा जिनकी हाल ही में हत्या कर दी गई थी।व्हाट्सएप के जरिए दी गई धमकी ने श्वष्ठ के लिए चिंताएं बढ़ा दी हैं। मैसेज में चेतावनी दी गई है, इसे हल्के में न लें। अगर सलमान खान जिंदा रहना चाहते हैं और लॉरेंस बिश्नोई से दुश्मनी खत्म करना चाहते हैं तो उन्हें 5 करोड़ देने होंगे।

एआईसीसी ने नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत को ओड़िशा कांग्रेस के संगठनात्मक कार्य की जिम्मेदारी सौंपी

रायपुर, 18 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत को ओड़िशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठनात्मक कार्य की महती जिम्मेदारी सौंपी है।

बतादें, कल देर रात अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे के हवाले से पत्र जारी कर यह आदेश निकाला है। छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष एवं ओड़िशा संगठनात्मक प्रभारी डॉ. चरणदास महंत ने इस भरोसे और विश्वास के लिए अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गाँधी,महासचिव एवं सांसद राहुल गाँधी जी, महासचिव श्रीमती प्रियंका गाँधी,के.सी.वेणुगोपाल जी का आभार व्यक्त करते हुये कहा है कि, इस महती जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, ईमानदारी से पूर्ण करने का भरोसा दिलाता हूँ।

बहराइच हिंसा मामले में गिरफ्तार सभी आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। बहराइच हिंसा मामले में गिरफ्तार 5 आरोपियों को यहां अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के समक्ष आज पेश किया गया। बहराइच की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत ने शुक्रवार को राम गोपाल मिश्रा की मौत के मामले में गिरफ्तार सभी आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जारी की गई जानकारी के मुताबिक, न्यायिक हिरासत में भेजे गए आरोपियों की सूची में मोहम्मद सरफराज और मोहम्मद तालीम भी शामिल हैं, जो गुरुवार को उत्तर प्रदेश में पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान घायल हो गए थे। इस मुठभेड़ को बहराइच जिले की पुलिस ने अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपी अब्दुल हामिद के बेटे हैं, जिन्हें पहले भी इसी मामले में गिरफ्तार किया गया था। मीडिया से बात करते हुए, बहराइच एसपी वृंदा शुक्ला ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए कहा कि मामले के सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

दक्षिण में दो पूर्व महापौर के बीच हो सकता है मुकाबला

भाजपा-कांग्रेस की ओर से जल्द ही प्रत्याशी की घोषणा

रायपुर, 18 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए जल्द ही प्रत्याशियों की घोषणा हो सकती है भाजपा एवं कांग्रेस दोनों ही लगातार कार्यकर्ताओं के साथ टोह लेने में जुटे हुए हैं वहीं दूसरी तरफ जिस तरह से समीकरण बन रहे हैं ऐसा प्रतीत होता है कि दो पूर्व महापौरों के बीच मुकाबला देखने को मिल सकता है कांग्रेस से जहां प्रमोद दुबे को प्रत्याशी बनाया जा सकता है वहीं भाजपा से सुनील सोनी उम्मीदवार हो सकते हैं भाजपा के उम्मीदवार की घोषणा अभी हुई नहीं है लेकिन सुनील सोनी द्वारा कई मंडलों में जाकर प्रचार प्रसार के साथ बैठक शुरू कर दी गई है.

आपको बता दे कि भाजपा व कांग्रेस से एक दर्जन दावेदार हैं लेकिन जिस तरह से समीकरण बन रहे हैं उसमें जो सबसे चर्चित नाम है उसमें बीजेपी से सुनील सोनी और कांग्रेस से प्रमोद दुबे का सामने आया है दोनों की दावेदारी सबसे मजबूत मानी जा रही है एक तरफ जहां सुनील सोनी पूर्व सांसद हैं और दक्षिण विधानसभा में ही उनका निवास स्थान है तो वहीं प्रमोद दुबे भी पूर्व महापौर होने के साथ-साथ दक्षिण विधानसभा में अच्छी पकड़ रखते हैं कांग्रेस की ओर से जो सबसे मजबूत दावेदार माना जा रहा है वह प्रमोद दुबे ही है दूसरी तरफ कांग्रेस और भाजपा दोनों में ही कार्यकर्ताओं के साथ बड़े नेताओं की लगातार बैठक हो रही है बूथ लेवल से लेकर वार्ड प्रभारी एवं बड़े नेताओं से फीडबैक लिया जा रहा है आज से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है ऐसे में दोनों ही दलों को जल्द ही प्रत्याशी की घोषणा करनी पड़ेगी 25 तारीख नामांकन का आखिरी दिन है ऐसे में महज एक सप्ताह का समय नामांकन के लिए बचा हुआ है मतदान के लिए भी ज्यादा समय नहीं है प्रत्याशी की घोषणा होने के बाद उसे मैदान में उतरकर लोगों के बीच पहुंचना होगा और ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार में भाग भी लेना होगा ऐसे में दोनों ही राष्ट्रीय दलों के ऊपर प्रत्याशी घोषणा को लेकर दबाव बना हुआ है पूर्व महापौर सुनील सोनी दक्षिण के कुछ मंडलों में पहुंचकर बैठक करते नजर आए इसे एक प्रचार प्रसार के रूप में भी देखा जा रहा है भले ही अधिकृत तौर पर प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है लेकिन सोनी सक्रिय नजर आ रहे हैं हो सकता है संगठन की ओर से उन्हें हरी झंडी दे दी गई हो जिसके चलते वह मैदान में सक्रिय भूमिका में नजर आ रहे हैं वहीं कांग्रेस के विभिन्न दावेदार भी लगातार दक्षिण के विभिन्न वार्डों में दौरा करते नजर आ रहे हैं और सक्रिय रूप से उनके द्वारा भी लगातार लोगों से जनसंपर्क किया जा रहा है कांग्रेस भी जल्द ही उम्मीदवार उतारने की फिराक में है बड़े नेताओं से अंतिम दौर की चर्चा चल रही है जिसके बाद कभी भी कांग्रेस द्वारा प्रत्याशी की घोषणा की जा सकती है।

सुनील सोनी ने तो बैठक लेकर प्रचार शुरु भी कर दिया

रायपुर दक्षिण विधानसभा उप-चुनाव के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू

रायपुर नगर (दक्षिण) विधानसभा उप-चुनाव के लिए आज 10बजे अधिसूचना का प्रकाशन के साथ नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। इसमें दलीय प्रत्याशी 21 के बाद ही नामांकन दाखिल करेंगे। अंतिम तिथि 25 और 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच के बाद 30 अक्टूबर नाम वापसी, 13 नवम्बर को मतदान और 23 नवम्बर को मतगणना होगी। इस तरह से 13दिनों में दल प्रत्याशी के गुण दोष का आंकलन कर वोटर अपना नया विधायक चुनेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि नाम निर्देशन के लिए अभ्यर्थी के मात्र तीन वाहन ही नामांकन केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में प्रवेश कर सकेंगे। नाम निर्देशन के लिए जमानत की राशि अनारक्षित वर्ग के लिए दस हजार रुपए एवं आरक्षित (अजजा) वर्ग के लिए पांच हजार रुपए होगी। नाम निर्देशन के लिए अभ्यर्थी सहित कुल पांच व्यक्ति ही नामांकन कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे।